विदेश मंत्री
भारत

Minister of External Affairs
India

संदेश

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मैं अपने सहयोगियों, विदेश स्थित भारतीय मिशनों के राजनयिकों, हिंदी संस्थाओं और पासपोर्ट अधिकारियों, मंत्रालय के अधिकारीगण तथा पूरे विश्व के सभी हिंदी प्रेमियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

यह हर्ष का विषय है कि विश्व हिंदी दिवस न केवल विदेश मंत्रालय के मुख्यालय और पासपोर्ट कार्यालयों में बल्कि विदेश स्थित भारतीय मिशनों और शिक्षण संस्थाओं द्वारा उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है जिसमें कई हिंदी सेवी भाग ले रहे हैं।

देश अभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर यह आयोजन राजभाषा हिंदी के प्रति हमारे सम्मान की अभिव्यक्ति है। इन समारोहों के माध्यम से हम पूरे विश्व में अपनी राष्ट्र भक्ति, अपनी भाषा, अपनी संस्कृति तथा अपने प्राचीन इतिहास के प्रति अपनी भावनाओं को प्रदर्शित करते हैं।

मुझे खुशी है कि हम सब मिलकर हिंदी को वैश्विक पटल पर ले जाने के अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं। मैं अपने सभी अधिकारियों, कार्मिकों तथा हिन्दी प्रेमियों से कहना चाहूँगा कि आप अपने कार्यो तथा हर प्रकार के वार्तालाप में हिन्दी भाषा का प्रयोग करें। हमारा यह प्रयास पूरे विश्व के हिंदी भाषियों में अपनी भाषा के प्रति लगाव तथा एकजुटता की भावना सुदृढ़ करेगा तथा अन्य भाषा–भाषियों के मन में भी हिंदी के प्रति रुझान उत्पन्न करने में सहायक सिद्ध होगा।

मैं आप सभी को एक बार फिर विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

(डॉ. सु. जयशंकर)

172, South Block, New Delhi-110 011 Tel : 91-11-23011127, 23011165 Fax : 91-11-23011463
E-mail : diream@mea.gov.in